सं.No-एनपीसीआईएल NPCIL/जीएचएवीपी GHAVP/ पीएसी PAC/ एमएसMS/2022/100 दिनांक Date:28/12/2022

दिनांक 23.12.2022 को एनडीआरएफ टीम के लिए आयोजित जन-जागरुकता कार्यक्रम पर रिपोर्ट

Report on Public Awareness programme held on 23.12.2022 for NDRF Team

गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना, एनपीसीआईएल छात्रों, शिक्षकों, जन प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों एवं आमजन के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से समय-समय पर सेमिनार तथा अन्य जन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करता रहा है।

Gorakhpur Haryana Anu Vidyut Pariyojana, NPCIL has been regularly organizing seminars and other public awareness & outreach programs time-to-time with the objective of creating awareness among students, teachers, public representatives, government officials and member of public.

इस संबंध में, फतेहाबाद जिले में एरिया फेमिलिराइजेशन एक्सरसाइज़ (एफएएमई) के अपने कार्यक्रम के तहत एनडीआरएफ टीम के दौरे के लिए उपायुक्त फतेहाबाद के कार्यालय से एक अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ था। जीएचएवीपी साइट पर उक्त टीम द्वारा परमाणु विद्युत संयंत्र का दौरा और उनके लिए 'परमाणु ऊर्जा' पर जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 23.12.2022 को आयोजित किया गया। 4-5 सदस्यों की एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व श्री अशोक शर्मा, निरीक्षक, 7वीं एनडीआरएफ, भटिंडा (पंजाब) कर रहे थे।

In this regards, a request from DC Fatehabad office has been received for visit of NDRF team under their program of area familiarization exercise (FAMEx) in Fatehabad District. The visit about the nuclear power plant and awareness program on **'Nuclear Energy'** has been conducted on 23.12.2022 at GHAVP site. The team led by Sh. Ashok Sharma, Inspector, 7th NDRF, Bathinda (PB) along with 4-5 nos. team members.

श्री बबलू जायसवाल, वरि.प्रबंधक (मा.सं.) एवं सदस्य, जन-जागरुकता समिति, जीएचएवीपी ने जीएचएवीपी साइट का दौरा करने के लिए एनडीआरएफ टीम का स्वागत किया। श्री जायसवाल ने सीएसआर स्कीम के तहत एनपीसीआईएल द्वारा आसपास के गांवों के विकास के लिए किए जा रहे योगदान तथा जीएचएवीपी द्वारा समय-समय पर आयोजित जन जागरूकता गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला।

Shri Bablu Jaiswal, SM (HR) & Member, PAC, GHAVP welcomed the NDRF team for visiting the GHAVP site. Shri Jaiswal explained about the contribution of NPCIL to the neighbourhood villages for their development under CSR scheme and Public Awareness activities organized by GHAVP time to time.

श्री नीरज गौड, तक.अधि./ई ने टीम के सभी सदस्यों को पीएचडब्ल्यूआर के सेमी डायनेमिक मॉडल के बारे में बताया। उन्होंने 'परमाणु ऊर्जा और समाज को इसके लाभों' के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में परमाणु ऊर्जा को सुरक्षित, किफायती, पर्यावरण के अनुकूल, विद्युत ऊर्जा के दीर्घकालिक स्रोत के रूप में उपलब्ध होने पर बल दिया गया और विकिरण के बारे में मन से गलत धारणाओं को दूर किया गया।

Shri Neeraj Gaur, TO/E explained the **Semi Dynamic model of PHWR** to all the team members. He shared the knowledge about **'Nuclear energy and its benefits to society'.** The program focused towards Nuclear power as safe, economical, environmentally benign, long-term source of electrical energy and removed the misconceptions about radiation from their mind.

स्पष्टीकरण के दौरान, विभिन्न शंकाओं/प्रश्नों का समाधान जीएचएवीपी अधिकारियों द्वारा उदाहरणों के साथ किया गया। GHAVP अधिकारी ने परमाणु विद्युत उत्पादन प्रक्रिया के बारे में बताया और जोर दिया कि परमाणु विद्युत का उत्पादन सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है तथा इसके साथ ही उन्होंने परमाणु ऊर्जा और विकिरण से संबंधित मिथकों को दूर किया।

कार्यक्रम के अंत में टीम के लिए साइट विजिट का आयोजन किया गया। साइट विजिट के दौरान, श्री नीरज गौड़ ने परियोजना में चल रही गतिविधियों के बारे में बताया और परमाणु ऊर्जा को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की।

During the explanation, various doubts / queries were cleared with examples by GHAVP Official. The GHAVP official explained about the nuclear power generation process and emphasized that nuclear power generation was safe & environment friendly and cleared the myths related to nuclear power and radiation.

At the end of the program, site visit was conducted for the team. During the site visit, Shri Neeraj Gaur explained about the on-going project activities and provided the information about the measure being taken to make nuclear energy safe & environmentally benign.

सभी आगंतुकों ने विजिट के दौरान प्रदान किए गए तथ्यों और आंकड़ों की काफी सराहना की। उन्होंने परमाणु ऊर्जा को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए किए जा रहे उपायों की सराहना की। साइट विजिट के दौरान वे बहुत कुछ जानने के लिए काफी उत्सुक थे।

All the visitors were quite appreciative of the facts and figures provided during the visit. They appreciated the measure being taken to make nuclear energy safe & environmentally benign. They were very keen to learn during the site visit.

अनुलग्नक Encl:
कार्यक्रम के दौरान ली गईं तस्वीरें।
Photos taken during the above programme (Annexure-I)

तैयारकर्ता Prepared by:
28/12/2022
नीरज गौड़ Neeraj Gaur
त.अधि.-ई (एन.एस.)TO/E (NS) &
सदस्य सचिवपीएसी , Member Secy., PAC
गो .ह.अ.वि.प.GHAVP

समीक्षा एवं जारीकर्ता Reviewed and issued by:
ए.के. धमीजा
28/12/2022
ए के.धमीजा.A.K.Dhamija
अ.मु.अभि. (यांत्रिक) एवं अध्यक्ष-पीएसी
ACE-QA & Chairman-PAC
गो.ह.अ.वि.प.GHAVP

- परि.निदे.,गो.ह.अ.वि.प. PD-GHAVP
- मुख्य निर्माण अभियंता CCE
- वैब पृष्ठ, गो.ह.अ.वि.प. Web page – GHAVP.
-वैब पृष्ठ, पृथ्वी Web page-Prithvi

Annexure-I

Plant Layout Model explanation by GHAVP Official

Semi Dynamic PHWR Model explanation by GHAVP Official

Explanation about Ventilated Plastic suit by GHAVP Official

Group Photo

Site Visit by NDRF Team

Group Photo